Regarding request for special AC trains and issues pertaining to rail connectivity

श्री आनंद भदौरिया **(धौरहरा) :** सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र के दो जनपद- सीतापुर और लखीमपुर, जिसमें 17 विधान सभा क्षेत्र हैं, 1 करोड़ से ऊपर की जनसंख्या है, लेकिन दिल्ली आने के लिए कोई रेलगाड़ी नहीं है । मैंने कई बार इस संबंध में रेल मंत्री जी से मिल कर व्यक्तिगत अनुरोध किया । लखनऊ से वाया हरदोई होते हुए कई ट्रेनें दिल्ली आती हैं- लखनऊ मेल, एसी स्पेशल डुप्लीकेट लखनऊ मेल । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि डुप्लीकेट एसी स्पेशल लखनऊ मेल को वाया सीतापुर होते हुए दिल्ली तक चलाने का काम किया जाए । साथ-ही-साथ हमारे क्षेत्र में धौरहरा को रेल लाइन से जोड़ने के लिए बहराइच-सीतापुर वाया धौरहरा रेल मार्ग स्थापित किया जाए । साथ-ही-साथ मोहम्मदी को जोड़ने के लिए, जो कि भगवान शंकर जी की धरती है । छोटी काशी के नाम से गोला गोकर्णनाथ मशहूर है । गोला गोकर्णनाथ से शाहजहांपुर वाया मोहम्मदी को जोड़ने का काम किया जाए । आपने मुझे समय दिया आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।